28/05/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पश्चिम बंगाल के बारासात और बशीरहाट लोकसभा क्षेत्रों में जनसभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि पहले कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल को लूटा, फिर सीपीआई (एम) ने वही किया और अब तृणमूल कांग्रेस ने राज्य को लूटने की सारी हदें पार कर दी हैं। उन्होंने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक के सहयोगियों की विकास में कोई दिलचस्पी नहीं है। इंडिया ब्लॉक पर सीएए के बारे में झूठ फैलाने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि मतुआ समुदाय के लोगों के लिए नागरिकता अब एक वास्तविकता है।

0000000000000000

चक्रवात रेमल ने बांग्लादेश के तटीय क्षेत्रों में तबाही का मंजर छोड़ दिया है। चक्रवात में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई, जिनमें से ज़्यादातर गिरे हुए घरों या ढही हुई दीवारों या पेड़ों के नीचे दब गए। इस तूफ़ान ने बांग्लादेश के खुलना, बरिसाल और छतोग्राम डिवीज़न में तीस हजार से ज़्यादा कच्चे घर नष्ट कर दिए हैं और एक लाख़ पचास हजार से ज़्यादा क्षतिग्रस्त हो गए हैं। तूफ़ान ने सैतीस लाख से ज़्यादा लोगों को गंभीर रूप से प्रभावित किया है।

00000000000000000

भारतीय मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक अरुणाचल प्रदेश में भारी बारिश का अनुमान जताया है। राज्य के चार जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है। ये चार जिले हैं वेस्ट कामेंग, ईस्ट कामेंग, पापुम पारे और चांगलांग।

इन जिलों में गरज के साथ बारिश हो सकती है और बिजली चमक सकती है और अलग-अलग स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा हो सकती है। इसके अलावा विभाग ने ग्यारह जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने लोगों से उन क्षेत्रों में जाने से बचने की अपील की है जहां अक्सर भूस्खलन या लैंड स्लिप की समस्या होती है। कमजोर संरचनाओं में रहने से भी बचने की अपील की है। भारी वर्षा के कारण कभी-कभी दृश्यता में कमी आ सकती है और इस अवधि के दौरान भूस्खलन और अचानक बाढ़ आने की संभावना अधिक बढ़ जाती है।

000000000000000000000

चक्रवात रेमल के कारण लगातार बारिश होने से मंगलवार को मिजोरम के आइजोल जिले में एक पत्थर की खदान ढहने से कम से कम बारह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लापता हैं। आपदा प्रबंधन और पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अब तक दस शव बरामद किए जा चुके हैं और कई अन्य अभी भी मलबे में फंसे हुए हैं। जिला प्रबंधन अधिकारी और कर्मचारी, पुलिस और अन्य स्थानीय लोग फंसे हुए लोगों को बचाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। आपदा प्रबंधन के एक अधिकारी ने बताया कि भारी बारिश और तेज हवा की वजह से बचाव अभियान प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता कि मलबे में अभी भी कितने लोग फंसे हुए हैं।

000000000000000

चक्रवात रेमल के कारण असम में भारी बारिश और हवाएं चल रही हैं और कई जिले हाई अलर्ट पर हैं। सात जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है जबकि 11 अन्य जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

कल देर शाम से लगातार बारिश और तेज हवा के कारण गुवाहाटी सहित अधिकांश प्रभावित जिलों में बिजली आपूर्ति बाधित हुई है। कई जिला प्रशासनों ने एहतियात के तौर पर आज के लिए स्कूल बंद कर दिए हैं और नॉर्थ ईस्ट फ्रोन्टयिर रेलवे ने भी कई ट्रेनें रद्द कर दी हैं। असम के मोरीगांव जिले में आज सुबह तेज हवा के कारण एक छात्र की मौत हो गई और ढेकियाजुली में स्कूल बस पर पेड़ गिरने से 12 छात्र घायल हो गए। पश्चिम बंगाल में चक्रवात रेमल से संबंधित घटनाओं में छह लोगों की मौत हो गई है।

0000000000000000000000

युवा मामलों के विभाग ने एक विज्ञप्ति में बताया कि अरुणाचल प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों, कृषि विशेषज्ञों और उद्यमियों का एक प्रतिनिधिमंडल 17 से 19 जून तक वियतनाम में 'अग्रो - टेक एक्सचेंज एण्ड कल्चरल एक्सप्लोरेशन प्रोग्राम' में भाग लेगा। कार्यक्रम के दौरान, वे वियतनाम की उन्नत कृषि प्रौद्योगिकियों और सामाजिक-सांस्कृतिक प्रथाओं के बारे में जानने के लिए बैठकों और क्षेत्रीय दौरों की एक श्रृंखला में भाग लेंगे। यह दौरा अरुणाचल के युवा मामलों के विभाग के सहयोग से इंटरनैशनल फ्रेंडशिप कार रैली एसोसिएशन द्वारा प्रायोजित किया जा रहा है।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश में, भारतीय सेना की स्पीयर कोर ने आज अपर सियांग जिले के तूतिंग में अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के साथ विभिन्न जीवंत गांवों में 'इंटरनेशनल ऐक्शन डे फॉर वूमेन हेल्थ' के अवसर पर एक स्वास्थ्य जांच सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य संबंधी कई पहल की गईं, जिनमें चिकित्सा जांच, स्वास्थ्य सलाहकारों के साथ परामर्श और डॉक्टरों की एक समर्पित टीम द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य विषयों पर शैक्षिक सत्र शामिल थे।

0000000000000000000000

बांदरदेवा पुलिस ने सोमवार को पुलिस के ऑपरेशन डॉन के तहत असम के लखीमपुर जिले के भीपुरिया निवासी तेईस वर्षीय ड्रग तस्कर दिलजान पेगु को गिरफ्तार किया। अरुणाचल-असम सीमा के पास एक ड्रग तस्कर की गतिविधि की सूचना पर कार्रवाई करते हुए, बांदरदेवा पुलिस की एक टीम ने बांदरदेवा पुलिस थाने के अंतर्गत तराजुली इलाके से पेगु को गिरफ्तार किया। टीम ने उसके कब्जे से लगभग बाईस दशमलव शून्य छह ग्राम वजन की संदिग्ध हेरोइन जब्त की।

0000000000000000000